University in News on 21 April 2025

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5, 7

लविवि: फार्मेसी के 29 छात्रों को मिली नौकरी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विवि के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के 29 छात्रों का चयन कैंपस प्लेसमेंट के जरिये किया गया। सभी फार्मा इंडस्ट्री की कंपनी मेडप्लस में सेवाएं देंगे। इन्हें प्रतिवर्ष 3.25 लाख रुपये का पैकेज दिया जाएगा।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि मेडप्लस के प्लेसमेंट ड्राइव प्रक्रिया में प्री-प्लेसमेंट टॉक और टेस्ट शामिल था। इसमें 18 डिप्लोमा इन फार्मेसी (डी. फार्मा) और 51 बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी. फार्मा) अंतिम वर्ष के छात्रों ने प्रतिभाग किया। इसमें छात्रों को मेडप्लस के संचालन, कार्य संस्कृति और कर्मचारी लाभों के बारे में जानकारी दी गई।

कंपनी ने कैंपस प्लेसमेंट में फार्मासिस्ट पद पर किया चयन

चयन प्रक्रिया के बाद 29 छात्रों को फार्मासिस्ट पद के लिए चुना गया। इनमें डीफार्मा के नौ छात्र प्रदीप, सलमान सलमानी, देवांस चौधरी, अमृता बाजपाई, सलीम अख्तर, विवेक जायसवाल, विशाल सिंह, मो. जैद को चुना गया है।

बीफार्मा के 20 छात्र इलियास रजा, अभिषेक शुक्ला, अजय कुमार पासवान, दिशा राघव, अंजू कुमारी, जानवी विश्वकर्मा, शमा परवीन, सैयद अयान, युक्ता चंदानी, नवीन यादव, रागिनी प्रजापति, सत्यम गुप्ता, रितिका स्निग्धी सिंह, किशन कुमार, राहुल वर्मा, सौरभ शर्मा, अंकुर यादव, अदिति श्रीवास्तव, सरल कुमार सिंह, शीतल वार्ष्णेय शामिल हैं।

कैंपस प्लेसमेंट के दौरान खुशी जाहिर करते लविवि फार्मेसी के विद्यार्थी। - संवाद

इन्हें 2.27 लाख रुपये प्रति वर्ष की शुरुआती सीटीसी के साथ ऑफर लेटर दिए गए हैं। कुछ माह के बाद फार्मासिस्ट पद पर जाने का अवसर मिलेगा। इसमें 3.28 लाख रुपये प्रति वर्ष की बढ़ी हुई सीटीसी भुगतान होगी।

एलयू, क्रिश्चियन कॉलेज और जेएनपीजी बने विजेता

पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भिड़तीं जोन आठ व जोन सात की टीमें। -संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। सांसद खेल महाकुंभ के दूसरे दिन रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर वॉलीबॉल के फाइनल मुकाबले खेले गए। इनमें सीनियर और जूनियर बालक वर्ग में क्रमशः लखनऊ विश्वविद्यालय जोन-तीन और पॉयनियर मांटेसरी स्कूल, जानकीपुरम जोन-तीन की टीम चैंपियन बनी।

सीनियर और जूनियर बालिका वर्ग में क्रमशः क्रिश्चियन कॉलेज जोन-एक और भारती बालिका विद्यालय जोन-एक ने खिताबी जीत दर्ज की। सीनियर बालिका कबड्डी के फाइनल में जेएनपीजी कॉलेज ने लखनऊ विश्वविद्यालय को 36-32 अंकों के अंतर से हरा कर खिताबी जीत दर्ज की। इनके अलावा हॉकी और फुटबॉल के मुकाबले भी खेले गए।

वॉलीबॉल कोर्ट पर खेले गए सीनियर बालक वर्ग के फाइनल में लखनऊ विवि ने कालीचरण डिग्री कॉलेज को 28-26, 25-23, 25-20 सेटों से हराया। जूनियर बालक के फाइनल में पॉयनियर मांटेसरी स्कूल, जानकीपुरम ने एसकेडी वृंदावन जोन-आठ को 25-22, 21-25, 25-18, 25-12 सेटों से हराया। सीनियर बालिका में क्रिश्चियन कॉलेज ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर यूनिवर्सिटी जोन आठ को 25-10, 25-11, 25-09 सेटों से शिकस्त दी।

जूनियर बालिका में भारती बालिका विद्यालय जोन वन ने जीजीआईसी इंदिरा नगर जोन सात को 25-09, 25-16, 25-23 सेटों से हराया। खेलों के जूनियर बालक फुटबॉल वर्ग में एपीएस स्कूल ने हराया डीएवी स्कूल को 2-0 से, मार्डन स्कूल ने हराया सेठ एमआर जयपुरिया को 1-0 से, यूनिटी कॉलेज ने सेक्रेट हार्ट को 1-0 से हराया, सीनियर बालक हॉकी वर्ग में जेएनपीजी कॉलेज ने गुरुनानक कॉलेज को हराया 5-2 और लखनऊ यूनिवर्सिटी ने हराया जेएनपीजी कॉलेज को 1-0 से पराजित किया।

सांसद खेल महाकुंभ के मुकाबलों का दूसरा दिन

सम सेमेस्टर परीक्षा के कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लखनऊ विवि ने आगामी सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए रविवार को कई विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर विषयवार परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। किसी तरह की समस्या आने पर परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि जिन विषयों का कार्यक्रम जारी किया गया है उसमें बीबीए, बीकॉम, बीए व बीएससी के कोर्स शामिल हैं। (संवाद)

मानसिक तनाव से निपटने की जानकारी दी

लखनऊ। लखनऊ विवि के मनोविज्ञान विभाग में छात्र जीवन भीतरी कैनवस विषय पर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ. मानिनी श्रीवास्तव ने बताया कि साइकोअवेयर फाउंडेशन और नचिकता अवेयरनेस सोसाइटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रिटायर्ड कर्नल डॉ. संजीव सहाय ने छात्रों को तनाव से निपटने की व्यावहारिक रणनीतियां सुझाई। पल्लवी शुक्ला, राधिका मिश्रा, हर्षिका यादव और आदिति यादव समेत कई अन्य मौजूद रहे। (संवाद)

NBT PAGE 5

LU, पायनियर, क्रिश्चियन ने जीते मुकाबले

सांसद खेल महाकुंभ: दूसरे दिन वॉलीबॉल, फुटबॉल, कबड्डी और हॉकी में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

सिटी स्पोर्ट्स

■ NBT न्यूज, लखनऊ: सांसद खेल महाकुंभ में रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम, चौक स्टेडियम और गोमती नगर विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में कई खेल खेले गए। दूसरे दिन वॉलीबॉल, फुटबॉल, कबड्डी, हॉकी के मुकाबले हुए। वॉलीबॉल में लखनऊ विश्वविद्यालय, जानकीपुरम पायनियर मॉन्टेसरी स्कूल, क्रिश्चियन कॉलेज एवं भारती बालिका विद्यालय ने मुकाबले जीते।

वॉलीबॉल: सीनियर बालक वॉलीबॉल में लखनऊ विश्वविद्यालय ने जोन-6 कालीचरण डिग्री कॉलेज को हराकर जीत हासिल की। सीनियर बालिका वॉलीबॉल में क्रिश्चियन कॉलेज ने जोन 8 के डॉ. भीमराव अम्बेडकर यूनिवर्सिटी को, जूनियर बालक वॉलीबॉल में पायनियर मॉन्टेसरी स्कूल ने एसकेडी वृंदावन जोन 8 को एवं जूनियर बालिका वॉलीबॉल में भारती बालिका विद्यालय ने जीजीआईसी इंदिरा नगर जोन 7 को पराजित कर खिताब जीते।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम, चौक स्टेडियम और गोमतीनगर के विजयंत खंड स्थित मिनी स्टेडियम में मुकाबले हुए

फुटबॉल: जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता में केडी सिंह में हुए मुकाबलों में एलपीएस ने डीएवी को 2-0, सीएमएस एलडीएस ने इरम पब्लिक स्कूल को 4-3, पुलिस मॉडर्न स्कूल ने सेठ एमआर जयपुरिया को 1-0 एवं यूनिटी कॉलेज ने सेक्रेट हार्ट स्कूल को 1-0 से शिकस्त देकर जीत हासिल की।

कबड्डी: सीनियर बालिका कबड्डी का फाइनल जेएनपीजी कॉलेज और लखनऊ विश्वविद्यालय के बीच खेला गया। जेएनपीजी कॉलेज ने लखनऊ विश्वविद्यालय को कड़ी मुकाबले में 36-32 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले सेमीफाइनल में जेएनपीजी कॉलेज 30-9 के अंतर से डीएवी डिग्री कॉलेज एवं लखनऊ विश्वविद्यालय ने 27-15 के अंतर से बीबीडी यूनिवर्सिटी को हराकर फाइनल में पहुंचे।

हॉकी: सीनियर बालिका हॉकी में जेएनपीजी कॉलेज ने गुरु नानक कॉलेज को 5-2 से शिकस्त दी। सीनियर बालक में लखनऊ यूनिवर्सिटी ने जेएनपीजी कॉलेज को 1-0 से मुकाबला हराया। जूनियर बालक में सरस्वती कन्या इंटर कॉलेज ने माउंट फोर्ट कॉलेज को 2-1 से शिकस्त दी। जूनियर बालक में अग्रसेन इंटर कॉलेज ने लखनऊ फ्लिक स्कूल को 3-0 से पराजित किया। जूनियर बालक में सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल ने अग्रसेन इंटर कॉलेज को 3-1 से एवं जूनियर बालिका में करामत इंटर कॉलेज ने जीजीआईसी को 2-0 से मुकाबला हराया।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता हुई।

मेरठ का रहा दबदबा

शिवानी हुड्डा | निधि | राजू कुमार यादव | दुष्यंत कुमार

■ NBT न्यूज, लखनऊ: महानगर स्थित चंद्रशेखर आजाद क्रीड़ा संकुल में चल रही 73वीं उप वार्षिक एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता के चौथे दिन मेरठ जोन के खिलाड़ियों ने 9 में से 6 प्रतियोगिताओं में पहला स्थान हासिल किया और अपना दबदबा कायम किया। वाराणसी ने एक और आगरा जोन को दो वर्ग में सफलता मिली।

पुरुष मैराथन में वाराणसी जोन के राजू यादव को पहला, लखनऊ जोन के राम सिंह यादव को दूसरा और पीएएसी पश्चिमी जोन के रवि जाधव को तीसरा स्थान मिला। वहीं पुरुष लंबी कूद प्रतियोगिता में मेरठ जोन के आर्यन पहले, लखनऊ जोन के मो. शाहरुख दूसरे और मेरठ जोन के सचिन गुर्जर तीसरे स्थान पर रहे।

उप पुलिस वार्षिक ऐथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता

अन्य खेलों के विजेता

पुरुष भाला फेंक

स्थान	खिलाड़ी	जोन
फस्ला	जय कुमार	मेरठ
दूसरा	कृष्ण कु. पटेल	गोरखपुर
तीसरा	आशेष पवार	मेरठ

डिकैथलान

फस्ला	मोहित तोमर	आगरा
दूसरा	अभिताभ यादव	पीएएसी पूर्वी
तीसरा	विक्रास गौतम	पीएसी मध्य

महिला गोला फेंक

फस्ला	शिखा पवार	मेरठ
दूसरा	अशिका सिंह	कानपुर

महिला जैवलिन थ्रो

फस्ला	मन्नू कुम्हरी	मेरठ
दूसरा	आरती	मेरठ

1500 मी. महिला दौड़

फस्ला	शिवानी हुड्डा	मेरठ
दूसरा	कजल चक्रवर्ती	बरेली

मुरादाबाद के उत्कर्ष बने टेन पिन बॉलिंग चैंपियन

■ NBT न्यूज, लखनऊ: टेन पिन बॉलिंग लीग के रोमांचक फाइनल में रविवार को मुरादाबाद के उत्कर्ष सिन्हा ने कानपुर के पदम वर्धन को 78 पिनफॉल से हराकर चैंपियनशिप ट्रॉफी जीत ली। चैंपियनशिप उप्र टेन पिन बॉलिंग असोसिएशन (यूपीटीबीए) की ओर से लुलु मॉल स्थित फंट्रा बॉलिंग सेंटर में खेली गई। उत्कर्ष ने फाइनल में 402 का स्कोर किया। जबकि उनके कंपीटी प्रतिद्वंदी ने 324 पिनफॉल किए। पहले गेम में उत्कर्ष ने संघर्षपूर्ण मुकाबला खेला और 23 पिन के अंतर से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में दबदबा दिखाते हुए उत्कर्ष 201-146 के अंतर से आगे रहे और ट्रॉफी पर कब्जा जमाने में कामयाब रहे। यूपीटीबीए के सचिव दिलीप सिंह ने कहा कि अगले वर्ष लीग का और भी भव्य आयोजन करवाया जाएगा।

i-NEXT PAGE 6

क्रिश्चियन कॉलेज और एलयू ने वालीबाल मैच में बिखेरा जलवा

सांसद खेल महाकुंभ के मुकाबलों का दूसरा दिन

LUCKNOW (20 APRIL): सांसद खेल महाकुंभ के दूसरे दिन रविवार को वालीबाल के फाइनल मुकाबले में सीनियर ब्वॉयज वर्ग में लखनऊ विश्वविद्यालय जोन-तीन और जूनियर ब्वॉयज वर्ग में पायनियर मंटिसरी स्कूल, जानकीपुरम जोन-तीन की टीम चैंपियन बनी. सीनियर गर्ल्स वर्ग में क्रिश्चियन कालेज जोन-एक और जूनियर गर्ल्स वर्ग में भारती बालिका विद्यालय जोन-एक विजेता बनी. सीनियर गर्ल्स कबड्डी के फाइनल में जेएनपीजी कालेज ने लखनऊ विश्वविद्यालय को 36-32 अंकों के अंतर से हरा कर खिताबी जीत दर्ज की.

सीधे सेटों में हराया

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के वालीबाल कोर्ट पर खेले गए सीनियर ब्वॉयज वर्ग के फाइनल में लखनऊ विश्वविद्यालय ने कालीचरण डिग्री कालेज को 28-26, 25-23, 25-20 से हराया. जूनियर ब्वॉयज के फाइनल में पायनियर मंटिसरी स्कूल, जानकीपुरम ने एसकेडी वृंदावन जोन-आठ को 25-22, 21-25, 25-18, 25-12 से हराया.

बीबीएयू को हराया

सीनियर गर्ल्स में क्रिश्चियन कालेज ने डा. भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी जोन आठ को 25-10, 25-11, 25-09 से पराजित किया. जूनियर गर्ल्स में भारती बालिका विद्यालय जोन-1 ने जीजीआइसी इंदिरा नगर जोन सात को 25-09, 25-16, 25-23 से मात दी. जूनियर ब्वॉयज फुटबाल में एपीएस स्कूल ने डीएवी स्कूल को 2-0 से हराया. मार्डन स्कूल ने सेठ एमआर जयपुरिया को 1-0 से व यूनिटी कालेज ने सेक्रेट हार्ट को 1-0 से हराया. सीनियर बॉयज हाकी मुकाबले में जेएनपीजी कालेज ने गुरुनानक कालेज को 5-2 से व लखनऊ विश्वविद्यालय ने जेएनपीजी कालेज को 1-0 से हराया.

JAGRAN CITY PAGE I, II, III

लवि : 29 फार्मेसी विद्यार्थियों का मेडप्लस में चयन

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के 29 विद्यार्थियों का चयन देश की प्रमुख फार्मेसी रिटेल चेन मेडप्लस में फार्मासिस्ट पद के लिए हुआ है। यह चयन विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल और फार्मास्यूटिकल साइंसेज संस्थान द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के तहत हुआ। चयनित विद्यार्थियों को 2.27 लाख रुपये प्रति वर्ष की प्रारंभिक सीटीसी पर आफर लेटर दिए जाएंगे। प्रशिक्षण के कुछ महीनों बाद यह सीटीसी बढ़कर 3.28 लाख रुपये हो जाएगी। कंपनी चयनित उम्मीदवारों को निश्शुल्क आवास भी देगी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप भारतीय, एडिशनल डायरेक्टर हिमांशु पांडेय, अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के डीन प्रो. अशोक कुमार सिंह, और फार्मास्यूटिकल साइंसेज संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

प्लेसमेंट ड्राइव में डी.फार्मा के 18 और बी.फार्मा के 51 अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मेडप्लस के प्रबंधक सुमित घोष ने बताया कि चयनित 29 छात्र-छात्राओं में डी.फार्मा से प्रदीप, सलमान सलमानी, देवांस चौधरी, अमृता बाजपेई, सलीम अख्तर, विवेक जायसवाल, विशाल सिंह, मोहम्मद जैद और बी.फार्मा से इलियास रजा, अभिषेक शुक्ला, अजय कुमार पासवान, दिशा राघव, अंजू कुमारी, जानवी विश्वकर्मा, शमा परवीन, सैयद अयान, युक्ता चंदनी, नवीन यादव, रागिनी प्रजापति, सत्यम गुप्ता, रितिका स्निग्धी सिंह, किशन कुमार, राहुल वर्मा, सौरभ शर्मा, अंकुर यादव, अदिति, सरल कुमार सिंह और शीतल वार्ष्णेय शामिल हैं।

लवि : तीन मई से सम सेमेस्टर परीक्षाएं

जासं • लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन मई से शुरू होंगी। रविवार को विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं की समय सारिणी वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर अपलोड कर दी है।

बी.एससी दूसरे, बीए दूसरे सेमेस्टर एंथ्रोपोलाजी, सांख्यिकी, गणित रेगुलर और इंप्रूवमेंट की परीक्षा, बी.एससी चौथे सेमेस्टर, बीए चौथे सेमेस्टर एंथ्रोपोलाजी, सांख्यिकी, गणित, बी.एससी छठे, बीए छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन मई से शुरू होंगी। इसमें कुछ परीक्षाएं 27 मई और कुछ 31 मई तक चलेंगी। बी.काम द्वितीय सेमेस्टर रेगुलर और इंप्रवमेंट, बी.काम चौथे सेमेस्टर, बी.काम छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं छह से 24 मई के बीच होंगी। बीबीए, बीबीए आइबी दूसरे सेमेस्टर एनईपी की परीक्षाएं छह से 22 मई के बीच होंगी। बीबीए, बीबीए एमएस दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं छह से 22 मई तक होंगी। बीबीए, बीबीए आइबी ओल्ड बैक पेपर की परीक्षाएं आठ से 29 मई के बीच होंगी।

आनलाइन माध्यम से कर सकते हैं आवेदन

जासं • लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ऐसे छात्र-छात्राएं जो 12वीं के बाद यहां से प्रोफेशनल कोर्स करके अपना करियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए भी यहां कई तरह के प्रोफेशनल कोर्स संचालित हैं। प्रोफेशनल कोर्स में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश लिए जाएंगे। इसके साथ ही जो विद्यार्थी परंपरागत कोर्स में प्रवेश चाहते हैं, उनके लिए कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय के कोर्स उपलब्ध हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनों कैंपस ओल्ड और सेकेंड कैंपस में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी लवि की वेबसाइट पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में रेगुलर और सेल्फ फाइनेंस दोनों तरह के कोर्स संचालित हैं। प्रवेश परीक्षा में मेरिट के आधार पर रेगुलर और सेल्फ फाइनेंस कोर्स में प्रवेश दिया जाता है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सभी पाठ्यक्रमों, सीट और शुल्क की जानकारी दी गई है।

स्नातक के कुछ प्रमुख कोर्स

- बीए एनईपी चार वर्षीय - 28 विषय- प्रत्येक में 60 से 120 सीट
- बीकाम आनर्स- 180 सीट
- बीकाम एनईपी चार वर्षीय प्रोग्राम- 450 सीट
- बीकाम एनईपी चार वर्षीय सेल्फ फाइनेंस- 240 सीट
- एलएलबी पांच वर्षीय- 120 सीट

बीएससी बायो और मैथ्स ग्रुप

- बीवाक रिन्यूबल एनर्जी - 25 सीट
- बीएससी एग्रीकल्चर आनर्स- 120 सीट

बैचलर आफ विजुअल आर्ट्स

- बीएफए टेक्सटाइल डिजाइन- 18 सीट
- बीए, बीएससी योग सेल्फ फाइनेंस- 60 सीट

बीटेक

- बीसीए सेल्फ फाइनेंस- 120 सीट
- बीबीए सेल्फ फाइनेंस- 300 सीट
- बीबीए बिजनेस एनालिटिक्स सेल्फ फाइनेंस- 60 सीट
- बीबीए टूरिज्म एंड हास्पिटलिटी सेल्फ फाइनेंस- 60 सीट
- बी फार्मा सेल्फ फाइनेंस- 60 सीट
- डी फार्मा सेल्फ फाइनेंस- 60 सीट

लखनऊ विश्वविद्यालय और क्रिश्चियन कालेज चैंपियन

सांसद खेल महाकुंभ के मुकाबलों का दूसरा दिन, कबड्डी बालिका वर्ग में जेएनपीजी कालेज ने दर्ज की जीत

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में प्रदर्शित कबड्डी मुकाबले में भिड़ते मिटी ला कालेज व जेएनपीजी कालेज के खिलाड़ी • रंजन रैदास

जासंवाददाता • लखनऊ : सांसद खेल महाकुंभ के दूसरे दिन रविवार को वालीबाल के फाइनल मुकाबले में सीनियर बालक वर्ग में लखनऊ विश्वविद्यालय जोन तीन और जूनियर बालक वर्ग में पायनियर मंटिसरी स्कूल, जानकीपुरम जोन-तीन की टीम चैंपियन बनी। सीनियर बालिका वर्ग में क्रिश्चियन कालेज जोन-एक विजेता बनी। सीनियर बालिका कबड्डी के फाइनल में जेएनपीजी कालेज ने लखनऊ विश्वविद्यालय को 36-32 अंकों के अंतर से हरा कर खिताबी जीत दर्ज की।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के वालीबाल कोर्ट पर खेले गए सीनियर बालक वर्ग के फाइनल में लखनऊ विश्वविद्यालय ने कालीचरण डिग्री कालेज को 28-26, 25-23, 25-20 से हराया। जूनियर बालक के फाइनल में पायनियर मंटिसरी स्कूल, जानकीपुरम ने एसकेडी वृंदावन जोन-आठ को 25-22, 21-25, 25-18, 25-12 से हराया।

सीनियर बालिका में क्रिश्चियन कालेज ने डा.भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी जोन आठ को 25-10, 25-11, 25-09 से पराजित किया। जूनियर बालिका में भारती बालिका विद्यालय जोन-1 ने जीजीआइसी इंदिरा नगर जोन सात को 25-09, 25-16, 25-23 से मात दी।

जूनियर बालक फुटबाल में एपीएस स्कूल ने डीएवी स्कूल को 2-0 से हराया। मार्डन स्कूल ने सेठ एमआर जयपुरिया को 1-0 से व यूनिटी कालेज ने सेक्रेट हार्ट को 1-0 से हराया। सीनियर बालक हाकी मुकाबले में जेएनपीजी कालेज ने गुरुनानक कालेज को 5-2 से व लखनऊ विश्वविद्यालय ने जेएनपीजी कालेज को 1-0 से हराया।

- वालीबाल के जूनियर बालक वर्ग में पीएमएस जानकीपुरम विजेता
- जेएनपीजी कालेज ने कबड्डी में लखनऊ विश्वविद्यालय को हराया

लखनऊ जोन के शाहरुख व राम सिंह ने जीते रजत पदक

शिवानी हुड्डा | मन्नू कुमारी | कुमार कुमार | जय कुमार

लखनऊ • लखनऊ : मेरठ के खिलाड़ियों ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को 73वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स क्लस्टर में रजत स्वर्ण पदक जीते। लखनऊ जोन के खिलाड़ी दो रजत पदक ही जीत सके। मेरठ जोन के आर्यन ने लंबी कूद, कुमार कुमार ने 1500 मीटर दौड़, जैवलिन थ्रो में जय कुमार, गोला फेंक में शिखा पवार, जैवलिन थ्रो में मन्नू कुमारी और 1500 मीटर में शिवानी हुड्डा ने स्वर्ण पदक जीते।

महानगर स्थित 30वीं वाहिनी पीएसी के ग्राउंड चंद्रशेखर आजाद क्रीड़ा संकुल में आयोजित की जा रही स्पर्धा में लखनऊ जोन के मो. शाहरुख ने लंबी कूद और मैराथन में राम सिंह यादव ने रजत पदक जीता। 1500 मीटर दौड़ में लखनऊ जोन की रजनीलता ने कांस्य पदक जीता।

परिणाम : पुरुष वर्ग

मैराथन दौड़ : स्वर्ण-राजू यादव (वाराणसी जोन), रजत-(लखनऊ जोन), कांस्य (पीएसी पश्चिमी जोन)

लंबी कूद : स्वर्ण-आर्यन (मेरठ जोन), रजत-मो. शाहरुख (लखनऊ जोन), कांस्य-सचिन गुर्जर (मेरठ जोन)

1500 मीटर दौड़, स्वर्ण-कुमार कुमार (मेरठ जोन), रजत- दिग्विजय सिंह (आगरा जोन), कांस्य-शिवांश डोभाल (पौड़ी जोन)

जैवलिन थ्रो : स्वर्ण-जय कुमार (मेरठ जोन), रजत-कृष्ण कुमार पटेल (गोरखपुर जोन), कांस्य-अशोक पवार (मेरठ जोन)

ऊंचाकूदन : स्वर्ण-मोहित तोमर (मेरठ जोन), रजत-अभिताभ यादव (पीएसी पूर्वी जोन), कांस्य-विक्रास गौतम (पीएसी मध्य जोन)

महिला वर्ग

गोला फेंक : स्वर्ण-शिखा पवार (मेरठ जोन), रजत-अशिका सिंह (कानपुर जोन)

जैवलिन थ्रो : स्वर्ण- मन्नू कुमारी, रजत- आरती (दोनों मेरठ जोन)

1500 मीटर दौड़, स्वर्ण शिवानी हुड्डा (मेरठ जोन), रजत-कजल चक्रवर्ती (बरेली जोन), कांस्य-खुशबू वर्मा (मेरठ)

AMRIT VICHAR PAGE 7

वॉलीबॉल में लविवि और क्रिश्चियन कॉलेज चैंपियन

फाइनल मुकाबले में कालीचरण डिग्री कॉलेज और एसकेडी वृंदावन जोन-8 को किया पराजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: सांसद खेल महाकुंभ में सीनियर बालक वर्ग में लखनऊ विश्वविद्यालय जोन-3 और जूनियर में जानकीपुरम जोन-3 की टीम चैंनियन बनीं। सीनियर बालिका वर्ग का खिताब क्रिश्चियन कॉलेज जोन-1 और जूनियर का भारती बालिका विद्यालय जोन-1 ने जीता। सीनियर बालिका कबड्डी में जेएनपीजी कॉलेज चैंपियन बना।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर सीनियर बालिका वर्ग में कबड्डी का फाइनल जेएनपीजी कॉलेज और लखनऊ विश्वविद्यालय की टीमों के बीच हुआ। इसमें जेएनपीजी कॉलेज की टीम ने 36-32 अंक से जीत दर्ज की। वॉलीबॉल में सीनियर बालक वर्ग का फाइनल लखनऊ विश्वविद्यालय और कालीचरण डिग्री कॉलेज में हुआ।

वॉलीबॉल स्पर्धा में वॉली को ब्लॉक करने का प्रयास करता खिलाड़ी।

महिला वर्ग की कबड्डी में प्वाइंट बनाने के लिए संघर्ष करती खिलाड़ी। अमृत विचार

सांसद खेल महाकुंभ

- कबड्डी बालिका वर्ग में जेएनपीजी कॉलेज बना चैंपियन
- फुटबाल के जूनियर बालक वर्ग में पॉयनियर मांटेसरी स्कूल विजयी
- सीनियर बालिका वर्ग में क्रिश्चियन कॉलेज ने बीबीएयू को रौंदा

इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय ने कालीचरण डिग्री कॉलेज को 28-26, 25-23, 25-20 से हराया। जूनियर बालक वर्ग में पॉयनियर मांटेसरी स्कूल जानकीपुरम का मुकाबला एसकेडी वृंदावन जोन-8 से हुआ। इसमें पॉयनियर मांटेसरी स्कूल की टीम ने 25-22, 21-25, 25-18, 25-12 से जीत दर्ज की। सीनियर बालिका में क्रिश्चियन कॉलेज ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर यूनिवर्सिटी जोन- 8 को 25-10, 25-11, 25-09 से शिकस्त दी। जूनियर बालिका वर्ग में भारती बालिका विद्यालय जोन- 1 ने जीजीआईसी इंदिरा नगर जोन- 7 को 25-09, 25-16, 25-23 से पराजित किया।

फुटबाल में एपीएस, मार्डन व यूनिटी कॉलेज जीते

फुटबाल में जूनियर वर्ग के मुकाबले में एपीएस स्कूल ने डीएवी स्कूल को 2-0 व मार्डन स्कूल ने सेठ एमआरजयपुरिया को 1-0 से और यूनिटी कॉलेज ने सेक्रेट हार्ट को हराया 1-0 पराजित किया। इसी तरह सीनियर बालक वर्ग के हॉकी मुकाबले में जेएनपीजी कॉलेज ने गुरुनानक कॉलेज को 5-2 से, लखनऊ यूनिवर्सिटी ने जेएनपीजी कॉलेज को 1-0 से हराया।

मानसिक स्वास्थ्य पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम साईकोअवेयर फाउंडेशन और नचिकेता अवेयर सोसाईटी के सहयोग से संपन्न हुआ। फाउंडेशन की सहसंस्थापक टीम में पल्लवी शुक्ला, राधिका मिश्रा, हर्षिका यादव और आदिति यादव शामिल रहीं। नचिकेता अवेयर सोसाइटी का प्रतिनिधित्व संस्थापक हर्ष तिवारी और सह-संस्थापक श्रीचंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में छात्रों को तनाव से निपटने की व्यावहारिक रणनीतियां सुझाई गई।

PIONEER PAGE 3

इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के 29 छात्रों का मेडप्लस में चयन

लखनऊ। लखनऊ विवि के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल एवं इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 29 छात्रों का मेडप्लस में चयन हुआ है। यह कंपनी भारत की सबसे बड़ी और सबसे भरोसेमंद फार्मेसी रिटेल चेन में से एक है। विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय और केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो अनूप भारती, प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर हिमांशु पांडेय, अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के डीन प्रो अशोक कुमार सिंह, एवं फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक प्रो पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। जिन छात्रों का चयन हुआ है उनमें डी फार्म के 9 छात्र प्रदीप, सलमान सलमानी, देवांस चौधरी, अमृता बाजपाई, सलीम अख्तर, विवेक जायसवाल, विशाल सिंह, मो जैद, एवं बी फार्म के 20 छात्र शीतल वार्ष्णेय, शामिल है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि के फार्मेसी रिटेल चेन में 29 छात्रों का मेडप्लस में चयन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल एवं इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 29 छात्रों का मेडप्लस में चयन हुआ जो की भारत की सबसे बड़ी और सबसे भरोसेमंद फार्मेसी रिटेल चेन में से एक है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप भारती, प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर हिमांशु पांडेय, अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के डीन प